14 निजी चीनी मिलों में गन्ने के रस से नहीं बनेगा एथनॉल

- एथानॉल का उत्पादन घटेगा चीनी ज्यादा बनेगी
- स्टॉक बढ़ने पर बाजार में चीनी के दाम गिरेंगे

लखनऊ, विशेष संवाददाता। केंद्र सरकार के खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली द्वारा चालू पेराई सत्र के लिए गन्ने के रस से सीधे एथानॉल बनाने पर रोक लगा दिये जाने का असर प्रदेश की 14 निजी चीनी मिलों पर पड़ेगा। इन मिलों ने गन्ने के रस से एथानॉल बनाने के संयत्र लगाने पर काफी बड़ा पूंजी निवेश किया हुआ है।

इससे उत्तर प्रदेश में एथानॉल के उत्पादन का ग्राफ भी गिरेगा और चीनी का उत्पादन बढ़ेगा। चीनी का स्टॉक बढ़ने से बाजार में चीनी के दाम भी नीचे आएंगे। इससे आम उपभोक्ता वर्ग को फायदा होगा। जिन 14 निजी चीनी मिलों में गन्ने के रस से एथानॉल बनता रहा है वह हैं-लखीमपुर खीरी की ऐरा, बहराइच की पारले बिस्कुल, बलरामपुर, गोण्डा की मेजापुर, बिजनौर की धामपुर, सम्भल की असमौली, लखीमपुर खीरी की अजबपुर, सीतापुर की हरगॉव, बिजनौर की स्यौहारा, सीतापुर की जवाहरपुर आदि शामिल हैं।